भारत - बारबाडोस संबंध

भारत और बारबाडोस के बीच घनिष्ट एवं मधुर संबंध हैं तथा वे संयुक्त राष्ट्र, राष्ट्रमंडल तथा गुट निरपेक्ष आंदोलन एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों में सक्रियता से आपस में बातचीत करते हैं। भारत और बारबाडोस के बीच पहली बार विदेश कार्यालय परामर्श (एफ ओ सी) का आयोजन ब्रिजटाउन, बारबाडोस में 28 अप्रैल से 01 मई 2015 के दौरान हुआ। भारत के शिष्टमंडल का नेतृत्व श्री आर स्वामीनाथन, विशेष सचिव (अमेरिकाज एवं सी पी वी), विदेश मंत्रालय द्वारा किया गया और सुश्री सिमोन रूड्डेर, स्थाई सचिव, विदेश मामले एवं विदेश व्यापार मंत्रालय, बारबाडोस सरकार ने बारबाडोस पक्ष का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान आर स्वामीनाथन ने विदेश मामले एवं विदेश व्यापार मंत्री माननीय सुश्री मैक्सिन मैकक्लीन; उद्योग, अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय, वाणिज्य एवं लघु व्यवसाय विकास मंत्री माननीय श्री डोनविले इन्निस और स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री जॉन बोयसे से शिष्टाचार मुलाकात भी की।

भारत और बारबाडोस ने नागरिकों की यात्रा व्यवस्था को सुगम बनाने तथा दोनों देशों के बीच सीधे हवाई संपर्क तथा चार्टेड उड़ानों की संभावना का पता लगाने के लिए 6 अक्टूबर 2015 को हवाई सेवा करार पर हस्ताक्षर किए। यह करार अन्य बातों के साथ प्रत्येक देश के लिए सात हवाई सेवाओं का साप्ताहिक प्रचालन सहित उड़ान के पूर्ण अधिकारों को संभव बनाता है। बारबाडोस के नागरिकों के लिए इलेक्ट्रानिक यात्रा प्राधिकार प्रणाली (ई टी वी ए) 01 मई 2015 से ही शुरू हो गई है।

बारबाडोस को वर्ष 2015-16 के लिए 11 आई टी ई सी छात्रवृत्तियां आवंटित की गई हैं।

भारत और बारबाडोस के बीच द्विपक्षीय व्यापार :

बारबाडोस को निर्यात

2011 - 2012	7.55 मियिलन अमरीकी डालर
2012 - 2013	5.87 मियिलन अमरीकी डालर (वृद्धि -22.21 प्रतिशत)
2013 - 2014	6.44 मियिलन अमरीकी डालर (वृद्धि 9.74 प्रतिशत)
2014 - 2015	10.1 मियिलन अमरीकी डालर (वृद्धि 58.24 प्रतिशत)
2015 - -16	5.50 मियिलन अमरीकी डालर

(सितंबर, 2015 तक)

भारतीय निर्यात के तहत वाहन, भेषज पदार्थ, टेक्सटाइल, लोहा एवं इस्पात, जैविक रसायन आदि शामिल हैं।

बारबाडोस से आयात

2011 - -2012	0.79 मियिलन अमरीकी डालर
2012 - 2013	0.10 मियिलन अमरीकी डालर (वृद्धि -87.94 प्रतिशत)
2013 - 2014	0.11 मियिलन अमरीकी डालर (वृद्धि 19.98 प्रतिशत)
2014 - 2015	0.17 मियिलन अमरीकी डालर
2015 - -16	0.13 मियिलन अमरीकी डालर

(सितंबर, 2015 तक)

भारतीय आयात के तहत विद्युत मशीनरी, आप्टिकल फोटोग्राफी सिनेमेटोग्राफिक उपकरण शामिल हैं।

खेल एवं संस्कृति

चूंकि क्रिकेट भारत से जुड़ने का बहुत बढ़िया तरीका है, अतीत और वर्तमान समय के बारबाडोस के क्रिकेटर भारत के खेल प्रेमियों में घरेलू नाम हैं। सर विवियन रिचर्ड्स, गैरी सोबर्स, गॉर्डन ग्रीनिज, डायमंड हेंस और वेस हाल वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के भारत दौरे पर महान उपलब्धियों की यादों को ताजा करते हैं। बारबाडोस के अनेक क्रिकेटर आई पी एल टीमों के सदस्य हैं।

भारतीय समुदाय

भारतीय मूल के लगभग 3000 व्यक्ति बारबाडोस में बस गए हैं तथा उनमें से अधिकतर ने अब स्थानीय नागरिकता प्राप्त कर ली है। उनमें से 2000 से अधिक व्यक्ति गुजरात के सूरत जिले से हैं जिनको "सूरतिया" के रूप में जाना जाता है। 130 सिंधी परिवार भी हैं जो मुख्य रूप से व्यवसाय करते हैं तथा 150 पेशेवर भी हैं जो शिक्षा एवं दवा, वित्तीय सेवाओं एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। लगभग 30 छात्र एक निजी विश्वविद्यालय में चिकित्सा पूर्व पाठ्यक्रम कर रहे हैं।

उपयोगी संसाधन :

भारतीय दूतावास, पैरामारिबो की वेबसाइट :
http://indembassysuriname.com
भारतीय दूतावास, पैरामारिबो का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/IndiaInSuriname?fref=ts
भारतीय दूतावास, पैरामारिबो ट्विटर लिंक :
@IndEmbSur

*****

जनवरी, 2016